Roll No. | |

Total Printed Pages : **16** Total Questions : **23**

Time : **3** Hours Maximum Marks : **80**

हायर सेकेण्डरी परीक्षा / Higher Secondary Examination

(मुख्य / Main) वर्ष / Year - 2026

265781

D

SET / सेट

बुक कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी

BOOK KEEPING & ACCOUNTANCY

(Hindi & English Versions)

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न **01** अंक का है। प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दर्शाये गये हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक **6** से **15**, प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक, शब्द सीमा - **30** शब्द।

(iv) प्रश्न क्रमांक **16** से **19**, प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक, शब्द सीमा - **75** शब्द।

(v) प्रश्न क्रमांक **20** से **23**, प्रत्येक प्रश्न के **4** अंक, शब्द सीमा - **120** शब्द।

(vi) प्रश्न क्रमांक **6** से **23** तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

(vii) संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का बंधन नहीं है।

Instructions :

(i) All questions are **compulsory** to solve.

(ii) Question Nos. **1** to **5** are objective type questions. Each objective question carries **01** mark. Marks of each question are given before the question.

(iii) Question Nos. **6** to **15**, each question carries **2** marks, word limit - **30** words.

(iv) Question Nos. **16** to **19**, each question carries **3** marks, word limit - **75** words.

(v) Question Nos. **20** to **23**, each question carries **4** marks, word limit - **120** words.

(vi) Question Nos. **6** to **23** all questions have internal options.

(vii) There is no limit of words in numerical questions.

★ किसी भी प्रश्न के अंग्रेजी और हिंदी संस्करणों के बीच विसंगति के मामले में हिंदी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

1 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **1×6=6**

(i) सभी साझेदार संयुक्त रूप से _____ कहलाते हैं।

MPBoardHub

(ii) त्याग अनुपात सदैव प्राप्ति अनुपात के _____ होता है।

(iii) मृतक साझेदार को देय राशि _____ को दी जाती है।

(iv) किसी साझेदार के सेवानिवृत्त होने या मृत्यु होने पर एक साझेदारी फर्म के _____ की आवश्यकता होती है।

(v) _____ कंपनी को प्रविवरण जारी करने की जरूरत नहीं होती।

(vi) ऋणपत्र कंपनी द्वारा लिए गए _____ कालीन ऋण को दर्शाते हैं।

Fill in the blanks :

(i) All the partners are collectively called as _____.

(ii) Sacrificing ratio is always _____ to gaining ratio.

(iii) The amount due to deceased partner is paid to _____.

(iv) Retirement or death of a partner also leads to _____ of a partnership firm.

(v) _____ company does not require to issue prospectus.

(vi) Debentures represents a _____ term loan taken by the company.

2 सत्य / असत्य लिखिए : **1×6=6**

(i) साझेदारी संलेख बनाना अनिवार्य है।

(ii) पुनर्मूल्यांकन खाता एक वस्तुगत खाता है।

(iii) अंश दो प्रकार के होते हैं।

(iv) ऋणपत्रधारी कंपनी के स्वामी होते हैं।

(v) परिसंपत्तियों का क्रय निवेश क्रियाकलाप है।

(vi) वित्तीय विवरण एक निश्चित तिथि को बनाए जाते हैं।

Write True / False :

(i) To prepare partnership deed is compulsory.

(ii) Revaluation account is a real account.

(iii) Shares are of two types.

(iv) Debentureholders are owners of the company.

(v) Purchase of assets is an investing activity.

(vi) Financial statements are prepared on a particular date.

3 सही जोड़ी बनाइए : **1×7=7**

अ	**ब**
(i) क्रय की गई ख्याति	(a) साझेदारों के पूँजी खाते के क्रेडिट में
(ii) अर्जित ख्याति	(b) कंपनी के स्वामी
(iii) लाभ-हानि नियोजन खाते की हानि	(c) समता अंश
(iv) लाभ-हानि नियोजन खाते का लाभ	(d) पूर्वाधिकार अंश
(v) अंशधारक	(e) संपत्ति के रूप में दर्शाएंगे
(vi) निश्चित दर प्रतिफल	(f) संपत्ति के रूप में नहीं दर्शाएंगे

(vii) अनिश्चित प्रतिफल — (g) साझेदारों के पूँजी खाते के डेबिट में

Match the correct pairs :

A	B
(i) Purchased goodwill	(a) Credit of partners' capital A/c
(ii) Self-generated goodwill	(b) Owners of the company
(iii) Loss of P & L Appropriation A/c	(c) Equity shares
(iv) Profit of P & L Appropriation A/c	(d) Preference shares
(v) Shareholders	(e) Shown as an asset
(vi) Fixed rate of return	(f) Not shown as an asset
(vii) Return not fixed	(g) Debit of partners' capital A/c

4 एक शब्द/वाक्य में उत्तर लिखिए : **1×7=7**

(i) साझेदारी संलेख के अभाव में किस अधिनियम के प्रावधान लागू होते हैं?

(ii) नए साझेदार द्वारा लाई गई ख्याति की राशि को पुराने साझेदारों के मध्य किस अनुपात में बाँटा जाता है?

(iii) एक साझेदार की सेवानिवृत्ति पर विद्यमान साझेदार उसे उसकी ख्याति किस अनुपात में देंगे?

(iv) फर्म के विघटन पर बैंक अधिविकर्ष को किस खाते में हस्तांतरित किया जाता है?

(v) एक सार्वजनिक कंपनी को अपने नाम के आगे कौन-सा शब्द लगाना चाहिए?

(vi) वित्तीय विवरण किस पहलू की उपेक्षा करते हैं?

(vii) कर्मचारियों को नकद भुगतान किस प्रकार का क्रियाकलाप है?

Write answer in one word / sentence :

(i) The provisions of which Act applies in the absence of partnership deed?

(ii) The amount of goodwill brought by new partner is distributed to old partners in which ratio?

(iii) On retirement of a partner, the existing partners will pay his share of goodwill to him in which ratio?

(iv) On dissolution, Bank overdraft is transferred to which account?

(v) A public company must use which word at the end of its name?

(vi) Financial statements ignores which aspect?

(vii) Cash paid to employees is which type of activity?

5 सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1×6=6**

(i) साझेदारी संलेख के अभाव में पूँजी पर ब्याज –

(a) 6% (b) 10%

(c) 12% (d) नहीं दिया जाता

(ii) नए साझेदार के प्रवेश पर, अविभाजित लाभ को किस खाते में हस्तांतरित किया जाता है?

(a) पुराने साझेदारों के पूँजी खाते में (b) नए साझेदार के पूँजी खाते में

(c) सभी साझेदारों के पूँजी खाते में (d) त्याग करने वाले साझेदार के पूँजी खाते में

(iii) परिसंपत्तियों के विक्रय के लिए कौन-सा खाता बनाया जाता है?

(a) वसूली खाता (b) पुनर्मूल्यांकन खाता

(c) लाभ-हानि नियोजन खाता (d) साझेदार का पूँजी खाता

(iv) सारणी 'एफ' के अनुसार बकाया माँग पर ब्याज दर का प्रतिशत होता है –

(a) 5% (b) 8%

(c) 10% (d) 12%

(v) कंपनी का तुलनपत्र भारतीय कंपनी अधिनियम, 2013 की किस अनुसूची के अनुसार बनाया जाता है?

(a) अनुसूची I (b) अनुसूची II

(c) अनुसूची III (d) अनुसूची V

(vi) रोकड़ प्रवाह विवरण किससे संबंधित है?

(a) लेखा मानक - 3 (b) लेखा मानक - 10

(c) लेखा मानक - 15 (d) लेखा मानक - 26

Choose and write the correct option :

(i) **Interest on capital in the absence of partnership deed :**

(a) 6% (b) 10%

(c) 12% (d) is not paid

(ii) **On admission of a new partner, undistributed profit is transferred to which account?**

(a) Old partner's capital account

(b) New partner's capital account

(c) All partners' capital account

(d) Sacrificing partner's capital account

(iii) **Which account is prepared for the sale of Assets?**

(a) Realization account

(b) Revaluation account

(c) Profit and Loss appropriation account

(d) Partner's capital account

(iv) **Interest rate on calls in arrears as per table 'F' is :**

(a) 5% (b) 8%

(c) 10% (d) 12%

(v) **The Balance Sheet of a company is prepared according to which schedule of the Indian Companies Act 2013?**

(a) Schedule I (b) Schedule II

(c) Schedule III (d) Schedule V

(vi) **Cash flow statement is related to :**

(a) Accounting Standard-3 (b) Accounting standard-10

(c) Accounting Standard-15 (d) Accounting standard-26

6 वसूली खाते तथा पुनर्मूल्यांकन खाते में कोई दो अंतर लिखिए। **2**

Write any two differences between Realization account and Revaluation Account.

अथवा / OR

फर्म के अनिवार्य विघटन की कोई दो दशाएँ लिखिए।

Write any two conditions of the compulsory dissolution of a firm.

7 कंपनी के संबंध में 'स्थायी उत्तराधिकार' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **2**

Clarify the meaning of 'perceptual succession' in context to a company.

अथवा / OR

'बकाया माँग' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

Clarify the meaning of 'calls in arrears'.

8 'ऋणपत्र' का आशय लिखिए। **2**

Write the meaning of 'Debenture'.

अथवा / OR

"रोकड़ के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल पर ऋणपत्रों के निर्गमन" का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

Clarify the meaning of "Issue of debentures in consideration other than cash".

9 वित्तीय विवरणों की कोई दो विशेषताएं लिखिए। **2**

Write any two characteristics of financial statements.

अथवा / OR

वित्तीय विवरणों की कोई दो सीमाएँ लिखिए।

Write any two limitations of financial statements.

10 लेखांकन अनुपात के कोई दो उद्देश्य लिखिए। **2**

Write any two objectives of accounting ratios.

अथवा / OR

लेखांकन अनुपातों के कोई दो लाभ लिखिए।

Write any two benefits of accounting ratios.

11 निम्न से चालू अनुपात ज्ञात कीजिए : **2**

बैंक अधिविकर्ष ₹ 2,00,000, रोकड़ ₹ 1,50,000, अदत्त व्यय ₹ 1,00,000, रहतिया ₹ 1,50,000

Find out current ratio from the following :

Bank Overdraft ₹ 2,00,000, Cash ₹ 1,50,000, Outstanding expenses ₹ 1,00,000, Stock ₹ 1,50,000

अथवा / OR

निम्न से सकल लाभ अनुपात ज्ञात कीजिए –

प्रचालन से आगम ₹ 1,00,000

प्रचालन से आगम की लागत ₹ 65,000

Find out Gross Profit Ratio from the following :

Revenue from operations ₹ 1,00,000

Cost of Revenue from operations ₹ 65,000

12 रोकड़ प्रवाह विवरण का आशय लिखिए। **2**

Write the meaning of cash flow statement.

अथवा / OR

वित्तीय क्रियाकलाप का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

Clarify the meaning of financing activities.

13 साझेदारी संलेख किसे कहते हैं? समझाइये। **2**

What is partnership deed? Explain.

अथवा / OR

अपूर्व व्यवसाय से प्रति माह के अंत में ₹ 3,000 निजी उपयोग हेतु निकालता है। अपूर्व के आहरण पर 9% वार्षिक की दर से ब्याज परिकलित कीजिए।

Apoorv withdraws ₹ 3,000 at the end of each month from business for personal use. Calculate interest on Apoorv's drawings @ of 9% p.a.

14 अ तथा ब एक फर्म में 5 : 3 के अनुपात में साझेदार हैं। वे भविष्य में लाभ समान अनुपात में बाँटने का निश्चय करते हैं। उनका त्याग व प्राप्ति ज्ञात कीजिए। **2**

A and B are partners in a firm in the ratio of 5 : 3. They decide to distribute future profits in equal ratio. Find out their sacrifice and gain.

अथवा / OR

X तथा Y 2 : 1 के अनुपात में साझेदार हैं। Z के प्रवेश के बाद उनका अनुपात 8 : 4 : 3 हो जाता है। X तथा Y का त्याग ज्ञात कीजिए।

X and Y are partners in the ratio of 2 : 1. After the admission of Z, their ratio becomes 8 : 4 : 3. Find out sacrifice of X and Y.

15 त्याग अनुपात तथा प्राप्ति अनुपात में कोई दो अंतर लिखिए। **2**

Write any two differences between sacrificing ratio and gaining ratio.

अथवा / OR

सेवानिवृत्त साझेदार को देय राशि के भुगतान की कोई दो विधियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

Explain in brief any two methods of payment of the amount due to the retiring partner.

16 चक्रेश एक फर्म से साझेदार के रूप में 31 मार्च 2022 को सेवानिवृत्त हुआ। उस दिन उसके पूँजी खाते का शेष ₹ 1,20,000 था। यह तय हुआ कि उसे देय राशि का भुगतान तीन वर्षों की समान किश्तों में 5% ब्याज के साथ किया जाएगा। चक्रेश का ऋण खाता तैयार कीजिए। **3**

Chakresh retired from a firm as a partner on 31st March 2022. On that day, the balance of his capital

account was ₹ 1,20,000. It was decided that the amount due to him shall be paid in three equal yearly instalments with 5% interest. Prepare Chakresh's loan account.

अथवा / OR

निम्न के पुनर्मूल्यांकन हेतु रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए –

(i) भवन के मूल्य में ₹ 40,000 की वृद्धि हुई।

(ii) रहतिया का मूल्य ₹ 10,000 कम हो गया।

(iii) लेनदार ₹ 5,000 से कम हो गए।

Pass journal entries for the revaluation of the following :

(i) Value of building increased by ₹ 40,000.

(ii) Value of stock is decreased by ₹ 10,000.

(iii) Creditors are reduced by ₹ 5,000.

17 निम्नलिखित मदों के मुख्य शीर्षक तथा उपशीर्षक लिखिए – **3**

(i) लेनदार

(ii) पेटन्ट

(iii) रहतिया

Write the main head and sub head of following items :

(i) Creditors

(ii) Patent

(iii) Stock

अथवा / OR

'संचय एवं आधिक्य' शीर्षक के अंतर्गत आने वाली कोई भी तीन मदें लिखिए।

Write any three items which comes under the head 'Reserves and Surplus'.

18 वित्तीय क्रियाकलापों से रोकड़ 'बहिर्वाह' के कोई तीन उदाहरण लिखिए। **3**

Write three examples of cash 'outflow' from financing activities.

अथवा / OR

रोकड़ प्रवाह विवरण की कोई तीन सीमाएँ लिखिए।

Write any three limitations of cash flow statement.

19 निर्मल के पास ABC लिमिटेड के ₹ 20 वाले 50 अंश थे। जिस पर उसने आवेदन ₹ 4, आवंटन ₹ 4 चुकाए परंतु वह प्रथम माँग ₹ 7 व द्वितीय माँग ₹ 5 चुकाने में असमर्थ रहा। उसके अंशों का हरण कर लिया गया। ABC लिमिटेड की पुस्तकों में केवल हरण संबंधी जर्नल प्रविष्टि कीजिए। **3**

Nirmal had 50 shares of ₹ 20 each of ABC Limited on which he paid ₹ 4 on application; ₹ 4 on allotment but he could not pay ₹ 7 on I^{st} call and ₹ 5 on II^{nd} call. His shares were forfeited. Pass the journal entry for forfeiture only in the books of ABC Limited.

अथवा / OR

प्रतिभूति प्रीमियम की राशि के कोई तीन उपयोग लिखिए।

Write any three uses of the amount of securities premium.

20 व्यवसाय में विनियोजित पूँजी ₹ 2,00,000 है। पूँजी पर प्रत्याय की दर 15% है। वर्ष के दौरान फर्म ने ₹ 48,000 का लाभ अर्जित किया। ख्याति की गणना अधिलाभ के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर कीजिए। **4**

Capital invested in a business is ₹ 2,00,000. Normal rate of return on capital is 15%. During the year the firm earned a profit of ₹ 48,000. Calculate goodwill on the basis of three years purchase of super profit.

अथवा / OR

X तथा Y एक फर्म में साझेदार हैं। उनका अनुपात 3 : 2 का है। वे Z को फर्म में 1/4 भाग के लिए प्रवेश देते हैं जो पूँजी के लिए ₹ 30,000 तथा ख्याति के लिए ₹ 5,000 नकद लाता है। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 20,000 किया गया। X तथा Y अपने भाग की ख्याति व्यवसाय से निकाल लेते हैं। आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

X and Y are partners in the ratio of 3 : 2. They admit Z for 1/4 share, who brings ₹ 30,000 for capital and ₹ 5,000 for goodwill in cash. The goodwill of the firm is valued at ₹ 20,000. X and Y withdrew their shares of goodwill from business. Give necessary journal entries.

21 अंश पूँजी के निम्न प्रकारों का संक्षेप में वर्णन कीजिए : **4**

(i) अधिकृत पूँजी

(ii) निर्गमित पूँजी

(iii) प्रदत्त पूँजी

(iv) आरक्षित पूँजी

Explain the following types of share capital in brief :

(i) Authorized Capital

(ii) Issued Capital

(iii) Paid-up Capital

(iv) Reserve Capital

अथवा / OR

समता अंशों की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

Write any four characteristics of equity shares.

22 अंश और ऋणपत्र के बीच अंतर निम्न आधारों पर लिखिए – **4**

(i) परिवर्तनीयता

(ii) परिशोधन

(iii) सुरक्षा

(iv) मतदान अधिकार

Differentiate between shares and debentures on the following basis :

(i) Convertibility

(ii) Repayment

(iii) Security

(iv) Voting rights

अथवा / OR

निम्न आधारों पर ऋणपत्रों के प्रकारों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए –

(i) कूपन दर के दृष्टिकोण से

(ii) पंजीकरण के दृष्टिकोण से

Briefly explain the types of debentures on the following basis :

(i) From Coupon rate point of view

(ii) From the Registration point of view

23 साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले प्रावधानों को निम्न आधारों पर स्पष्ट कीजिए – **4**

(i) लाभ-हानि विभाजन

(ii) पारिश्रमिक (साझेदारों का)

(iii) साझेदार द्वारा दिए गए ऋण पर ब्याज

(iv) आहरण पर ब्याज

Describe the provisions applicable in the absence of partnership deed on the following basis:

(i) Profit - Loss distribution

(ii) Remuneration (of partners)

(iii) Interest on loan given by a partner

(iv) Interest on drawings

अथवा / OR

अ, ब तथा स 5 : 4 : 1 के अनुपात में साझेदार हैं। स को यह गारन्टी दी गई कि किसी वर्ष में उसके लाभ का भाग ₹ 50,000 से कम नहीं होगा। यदि कोई कमी होती है, तो उसे अ तथा ब द्वारा 8 : 2 के अनुपात में वहन किया जाएगा। लाभ-हानि नियोजन खाता तैयार करें यदि वर्ष का लाभ ₹ 3,50,000 है।

A, B and C are partners in the ratio of 5 : 4 : 1. C is given a guarantee that his share of profit, in any year will not be less than ₹ 50,000. If any shortfall in the profit of C is to be borne by A and B in the ratio of 8 : 2. Prepare Profit and Loss Appropriation Account if the profit of the year is ₹ 3,50,000.

MPBoardHub